# जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com ● चाचौड़ा ● राघोगढ़ ● मुंगावली ● चंदेरी ● पोहरी ● कोलारस ● जीरापुर ● सारंगपुर ● बड़नगर ● नागदा — भोपाल, 19 जनवरी 2026


### खिलचीपुर-राजगढ़ के बीच 12 किमी तक ट्रैक तैयार, तीन दिन से चल रही मालगाड़ी, साल के अंत तक मिलेगी रेल सुविधा

# राजगढ़ का रेलवे स्टेशन बनकर तैयार, जल्द दौड़ने लगेंगी ट्रेन

**जागरण, ब्यावरा**

भोपाल-रामगंज मंडी नई रेल लाइन परियोजना का काम तेजी से चल रहा है और कई हिस्सों में पूरा हो चुका है, जिस पर मार्च 2026 तक ट्रायल रन शुरू होने होने के साथ 2026 में लाइन पूरी होने की उ मीद है। परियोजना अपने अंतिम चरणों में है और भारतीय रेलवे द्वारा इसे तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। राजस्थान सीमा में यह कार्य काफी पहले पूरा हो चुका है। खिलचीपुर में ट्रेनों का ट्रायल पूरा हो चुका है। वहीं अब खिलचीपुर से राजगढ़ के बीच में 12 किमी रेल लाइन का पूरा हो गया है। यहां फूलखेड़ी तक दो-तीन दिन से निर्माण सामग्री के लिए मालगाड़ी की आवाजाही चल रही है। जबकि राजगढ़ का रेलवे स्टेशन बनकर तैयार है। अब जल्द राजगढ़ तक ट्रेनें दौड़ने की उ मीद लोगों में जाग उठी है। वहीं ब्यावरा जंक्शन पर तैयारियां लगभग पूर्ण हैं। यहां तीसरा प्लेटफार्म भी बन चुका है, उस पर ट्रेनों का ट्रायल हो चुका है। रेलवे के सूत्रों के मुताबिक जनवरी के अंतिम सप्ताह या फरवरी के पहले सप्ताह में रेलवे सुरक्षा अधिकारी का फाइनल निरीक्षण प्रस्तावित है। 276 किमी की भोपाल-रामगंज मंडी रेल लाइन पूरी होने से मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच रेल कनेक्टिविटी सुधरेगी और यात्रा समय में कमी आएगी, खासकर भोपाल से कोटा के बीच लोगों



का सफर सुगम और सस्ता होगा। अब तक 168 किमी का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिसमें ब्रिज और छोटे पुल-पुलियाओं का निर्माण भी शामिल है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक कई सेक्शन में मार्च 2026 तक ट्रैक बिछाने और ट्रायल रन शुरू करने की समय-सीमा तय की गई है, जिसमें खिलचीपुर से सोनकच्छ तक का हिस्सा शामिल है। वहीं सोनकच्छ-नरसिंहगढ़-कुरावर वाला हिस्सा सितंबर-अक्टूबर 2026 तक पूरा करने की योजना तैयार है।

#### राजगढ़ जिले में ये रहेंगे स्टेशन

रेल लाइन पर जिले में ब्यावरा जंक्शन सहित छह स्टेशन रहेंगे। राजस्थान तरफ से खिलचीपुर के भोजपुर से एंट्री करने वाले ट्रैक पर पहला स्टेशन भोजपुर ही है। इसके बाद खिलचीपुर, राजगढ़, ब्यावरा जंक्शन, नरसिंहगढ़ और कुरावर शामिल है। इसके आगे श्यामपुर होते हुए हिरदाराम और भोपाल लाइन जुड़ेगी। कोटा मंडल के ट्रैक इंजीनियर गौरव मिश्रा का कहना है लगभग 90 फीसदी काम हमारा पूरा हो चुका है। अब केवल राजगढ़ ब्यावरा के बीच ट्रैक और कुछ हिस्सा खिलचीपुर से राजगढ़ के बीच बाकी है। जिसे भी मार्च तक पूरा कराने की डेडलाइन तय है।

#### 90 फीसदी काम पूरा, इसी साल दौड़ेगी रेल

कोटा मंडल में की रामगंज मंडी से ब्यावरा का काम मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य है। यहां 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। खिलचीपुर से करीब 12 किमी आगे तक पटरियां बिछाई जा चुकी है। इसके साथ ही ब्यावरा-राजगढ़ सेक्शन में भी ट्रैक बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। ब्यावरा से करीब चार किमी आगे तक पटरियां बिछाई जा चुकी है। उधर श्यामपुर से आगे अब कुरावर तक भी ट्रैक तैयार होने वाला है। ब्यावरा से सोनकच्छ तक ट्रैक तैयार होने के बाद करीब 80 फीसदी काम भोपाल मंडल का भी पूरा हो जाएगा। केवल नरसिंहगढ़ के बीच का करीब 22.25 किमी सेक्शन में ही काम अधिक बाकी है।

## न्यूज कार्नर

### भव्य हिन्दू समागम सम्मेलन आयोजित



**कुरावर।** रविवार को पीलूखेड़ी मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन ग्राम गीलाखेड़ी में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के समाजबंधु शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर धर्म, संस्कार, संगठन और समरसता का बातावरण देखने को मिला। वक्ताओं ने हिंदुत्व के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंच परिवर्तन-कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वं का बोध एवं नागरिक कर्तव्य पर अपने विचार रखे। वही ऊपर उठकर संगठित रहने, परिवार एवं समाज में समरसता बनाए रखने तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समाजबंधुओं ने सहभागिता की।सम्मेलन में प्राप्त मार्गदर्शन से प्रेरित होकर सभी समाजबंधुओं ने आगामी जीवन में राष्ट्र, समाज और संस्कृति के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लिया।

### महाआरती के साथ राम कथा का समापन



**तलेन।** ग्राम परसुखेड़ी में चल रही सप्त दिवसीय संगीत मय राम कथा का समापन महाआरती के साथ हुआ। यह आयोजन कुशवाह समाज द्वारा किया गया वहीं इस श्री राम कथा के आयोजन का बड़े उत्सव पूर्वक श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासीयों ने मिलकर श्री राम कथा का श्रवण किया। जिसमें पंडित विद्यानंद राधे जी महाराज वृंदावन धाम (घाटा बिल्लोद) द्वारा कथा का सुनाई गई एवं आचार्य पंडित बनवारी दाधीच चौमा गोरा जी द्वारा पूजा अर्चना कराई गई। श्रद्धालुओं ने मिलकर भगवान श्री राम माता जानकी लक्ष्मण जी का स्वरुप बनकर ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया।

### होंडा शोरूम के कर्मचारी के साथ मारपीट, केस दर्ज

**ब्यावरा।** शहर के होंडा शोरूम में काम करने वाले फरियादी अनमोल पिता दीपेंद्र विजयवर्गीय 29 साल निवासी जूना ब्यावरा के साथ आरोपी रामदिनेश मीणा अपने तीन साथियों के साथ आया और बाइक को अपडेट कराने का बोला। गाड़ी पहले अपडेट होने की बात कही तो, आरोपियों ने कहा बहाने मारता है। इसके बाद तीनों ने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी और जाते जाते जान से मारने की धमकी देकर गए। पुलिस ने आरोपी रामदिनेश मीणा सहित अन्य आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### विराट हिंदू सम्मेलन आज, तैयारियॉ पूर्ण



**जीरापुर।** नवीन हाट बाजार परिसर मे 19 जनवरी को विशाल हिंदु स मेलन आयोजित होगा, जिसकी तैयारियॉ की जा रही हैं। कार्यक्रम स्थल पर मंच, शामियाना लगाकर विभिन्न तैयारियों को मूर्त रूप दिया गया है। हिंदु स मेलन की शुरूआत नगर के रामलीला चौक से प्रातः 9 बजे बैंडबाजों के साथ भव्य शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए आयोजन स्थल नवीन हाट बाजार परिसर में पहुंचेगी। दोपहर 12 से 3 बजे तक विराट हिंदू स मेलन संतोष मीणा प्रांत सहकार्यवाह मध्य भारत प्रांत के मु य आतिथ्य मे आयोजित होगा। इसमें मु य वक्ता श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर अन्पूर्णा गिरि, पंचायती निरंजनी अखाड़ा उज्जैन उपस्थित रहेंगी। संतों के उद्बोधन के बाद दोपहर 3 बजे से भोजन प्रसादी रहेगी। कार्यक्रम में संत महात्मा, पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता सहित बड़ी सं या लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था व अन्य तैयारियों के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

### पांच दिन की छुट्टी लेकर भोपाल से अपने दोस्त के साथ गांव के लिए निकला था जवान, गांव के पास हुआ हादसा

# सीआरपीएफ के जवान की बाइक पेड़ से टकराई, मौत

**जागरण, ब्यावरा**



पांच दिन की छुट्टी लेकर भोपाल से अपने गांव हालाहेड़ी लौट रहे एक सीआरपीएफ के 35 वर्षीय जवान सुरेश वर्मा की शनिवार रात सड़क हादसे में दुखद मौत हो गई। भोपाल में सीआरपीएफ में पदस्थ सुरेश वर्मा हालाहेड़ी गांव से करीब डेढ़ किमी पहले ही तालाब के पास मोड़ पर हादसे के शिकार हो गए। उनकी तेज र तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक नीम के पेड़ से टकरा गई। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्हें खिलचीपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर घर में उनके घर आने पर तैयारियां चल रही थी, वह उनकी मौत की खबर सुनते ही मातम में बदल गई।

सुरेश वर्मा शनिवार को पांच दिन की छुट्टी लेकर भोपाल से गांव लौट रहा था। उसके साथ सीआरपीएम में ही पदस्थ उसका दोस्त रामेश्वर दांगी भी था, जो हिनोत्या गांव का निवासी है। दोनों दोपहर करीब साढ़े 12 बजे बाइक से रवाना हुए थे, लेकिन उनकी पल्सर बाइक के हैंडल में खराबी होने से दोनों एक शोरूम पर रुके। बाइक की मर मत के बाद वे अपने घर के लिए रवाना हो गए। शाम करीब साढ़े 7 बजे खिलचीपुर पहुंचे और घर के लिए सब्जी खरीदी। इसके बाद सुरेश ने अपने दोस्त रामेश्वर को हिनोत्या में उसके घर छोड़ दिया। इस दौरान रामेश्वर ने उसे खाना खाने के लिए रोका, लेकिन सुरेश ने यह कहते हुए कि घर पर रीना खाना लेकर इंतजार कर रही होगी, आज उसी के साथ खाना खाऊंगा घर के लिए रवाना हो गया। इसके कुछ समय बाद ही हालाहेड़ी गांव से पहले तालाब के पास मोड़ पर हादसा हो गया। बाइक पेड़ से टकराने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर टुकड़े सड़क पर बिखर गए। हेलमेट भी टूट गया, जिससे सिर और चेहरे पर गंभीर चोट लगने से सुरेश की मौके पर ही मौत हो गई।

#### तैयारियां मातम में बदली

अपने बेटे सुरेश के घर आने की खुशी में परिजन तैयारियां और खुशी मे मशगूल थे, इसी दौरान परिजनों को उसकी मौत की खबर मिलने से हर्ष का माहौल मातम में बदल गया। ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे और सुरेश को खिलचीपुर अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान की मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

#### साधारण और हंसमुख मिलनसार था सुरेश

सीआरपीएफ जवान सुरेश वर्मा हंसमुख और मिलसार व्यक्ति होने के साथ साधारण किसान परिवार से था। उसके पिता बापू वर्मा खेती-किसानी करते हैं। परिवार में मां, बड़ा भाई मुकेश वर्मा और अन्य परिजन हैं। सुरेश की शादी वर्ष 2009 में भूमका गांव निवासी रीना वर्मा से होकर दो-दो बेटे हैं। हादसे की खबर मिलते ही पत्नी रीना बेसुध हो गई, जबकि दोनों मासूम बच्चे यह समझ ही नहीं पा रहे हैं कि उनके पिता अब कभी लौटकर नहीं आएंगे। बड़े भाई मुकेश वर्मा ने बताया कि शनिवार सुबह ही सुरेश से फोन पर बात हुई थी। वह काफी खुश था और कह रहा था कि रविवार को पूरा परिवार दूधी स्थित राधा स्वामी सत्संग आश्रम जाएगा। ग्रामीणों के मुताबिक सुरेश बेहद मिलनसार, शांत और हंसमुख स्वभाव का व्यक्ति था।

#### रविवार सुबह पीएम के बाद गांव में हुआ अंतिम संस्कार

हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती आरक्षक राजीव गुर्जर के साथ मौके पर पहुंचे। रविवार सुबह करीब 8 बजे पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद गांव में जवान का अंतिम संस्कार किया गया। अपने गांव के होनहार जवान की मौत से गांव के हर व्यक्ति की आंख नम हो गईं।

## विश्वशांति दिवस के रूप में मनाई पिताश्री ब्रह्मा बाबा की पुण्य तिथि



**जागरण, ब्यावरा**

नारी शक्ति का विश्व का सबसे बड़ा और विशाल संगठन की नींव रखने वाले ब्रह्माकुमारीज संस्थान के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 18 जनवरी को 57वीं पुण्य तिथि मनाई गई। इसे लेकर अंतरराष्ट्रीय मु यालय माउंट आबू एवं विश्वभर के सभी केंद्रों सहित ब्रह्माकुमारीज शहीद कॉलोनी सेवा केंद्र ब्यावरा में भी बाबा की याद में एक से 21 जनवरी तक विशेष योग, तपस्या कार्यक्रम किए जा रहे हैं। रविवार को सभी भाई-बहनों ने मौन रहकर पिताश्री ब्रह्मा बाबा को पुष्पांजली अर्पित की। सेवा केंद्र की संचालिका बीके लक्ष्मी दीदी ने बताया कि बीके के साकार संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा ने संपूर्णता की स्थिति प्राप्त कर अव्यक्त हो गए थे। उनके अव्यक्त होने के बाद संस्थान की बागडोर पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि ने संभाली। बाबा की त्याग-तपस्या का परिणाम है कि खुद पीछे रहकर नारी शक्ति को आगे बढ़ाया और आज पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति अध्यात्म का परचम फहर रहा है। उन्होंने अपने जीवन में जो मिसाल पेश की, उसे आज भी लाखों लोग अनुसरण करते हुए राजयोग के पथ पर आगे बढ़ते जा रहे हैं।

कार्यक्रम में शामिल हुए बीके तेजस्वी दीदी, ज्योति दीदी, डॉ. अशोक अग्रवाल, रामेश्वर दांगी बिजली विभाग के सहायक यंत्री, प्रेमशंकर शाक्यवार, लक्ष्मीनारायण दांगी, रोड सिंह दांगी, व्यापारी आकाश अग्रवाल एवं संस्था से जुड़े बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की बैठक में हुई योजनाओं पर चर्चा

**जागरण, सुठालिया**



भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के नेतृत्व में सुठालिया सिंचाई परियोजना से प्रभावित किसानों की किसान महापंचायत शनिवार को नजदीकी ग्राम शंभुपुरा पर सम्पन्न हुई जिसमें जलसंसाधन मंत्री तुलसी सिलावट के संभावित दौरे को लेकर रणनीति बनाई गई जिसमें प्रभावित किसानों ने शासन से आग्रह किया है कि जब मध्यप्रदेश सरकार मंडला डिंडोरी और अनूपपुर जिले में चल रही सिंचाई परियोजना से प्रभावितों को 1782 करोड़ का विशेष पैकेज को मंजूरी दे सकती है और सुठालिया परियोजना से परहेज करती है जो बहुत पीड़ादायक है क्योंकि इस परियोजना से प्रभावितों को पूरे मध्य प्रदेश में सबसे कम मुआवजा दो लाख चालीस हजार रुपए पर बीघा मिला है जबकि बाजार मूल्य आठ से दस लाख रुपए बीघा चल रहे हैं। किसानों के इस दर्द को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समझा था और पैकेज देने की घोषणा की थी परन्तु वर्तमान सरकार ने घोषणा से यू-टर्न ले लिया है जो किसानों के साथ छलावा है। किसान जमीन के मुआवजे में जमीन नहीं खरीद पाया है और आज वह फुटपाथ पर है। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि भी किसानों के दर्द को महसूस नहीं कर रहे हैं जो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। डैम में प्रभावितों को अन्य परिसम्पतियां जैंसे कुआं, ट्यूबवैल पेड़ पौधे जो डैम में डूब रहे हैं इसका मुआवजा भी नहीं मिल रहा है जो पीड़ा को और बढ़ा रहा है। किसानों ने जल संसाधन मंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराने एवं समाधान नहीं होने पर आंदोलन की बात कही है।

### दैनिक जागरण के वार्षिक कैलेंडर का स्थानीय स्तर पर विधायक दांगी ने किया विमोचन



**जागरण, जीरापुर।** दैनिक जागरण भोपाल द्वारा हालही में प्रकाशित नव वर्ष 2026 के बहुरंगीय कैलेंडर का विमोचन स्थानीय स्तर पर क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा किया गया, इस दौरान उन्होने कहा कि दैनिक जागरण का यह नवीन कैलेंडर जनमानस के लिए उपयोगी है, जिसमे लोगों को तीज, त्यौहार सहित अन्य आवश्यक जानकारी पाठको व आमजन को मिलेगी ऐसे मे उन्होने जागरण परिवार को इस कार्य के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा, पत्रकार अजय टेलर, चंदन सिंगी आदि उपस्थित रहे।

## डकैती की तैयारी का एक और फरार आरोपी को पकड़ा

**जागरण, सारंगपुर**



दिनांक 05 व 06 दिसंबर 2025 की रात्रि को थाना सारंगपुर क्षेत्र में पारदी गैंग के 05-06 लोगो ने हथियारबंद होकर डकैती की योजना को अंजाम दिया था। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क्र. 763/25 धारा 312, 115(2) बीएनएस इजाफा धारा 331(6) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक राजगढ अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के. एल. बंजारे के नेतृत्व में पारदी गैंग के गिरोह की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है इसी तारत्मय मे पारदी गैंग पर लगातार दबिश दी जा रही है, दबिशों से इनके हौंसले परास्त हुये एंव गिरोह का एक और सदस्य आरोपी मुकद्दर पारदी पिता अर्जुन पारदी उम्र 41 साल नि. पारदी चक मुरादपुर थाना धरनावदा जिला गुना जो कि बहुत ही शातिर व घटना के दिन से ही फरार चल रहा था व बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था जिसकी तलाश गुना जिले मे व ओडिशा के मेलो मे की अंततः आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मुकद्दर पारदी पिता अर्जुन पारदी उम्र 41 साल नि. पारदी चक मुरादपुर थाना धरनावदा जिला गुना को गिरफ्तार कर लिसा गया। इस मुहीम में सराहनीय योगदान अरविंद सिंह अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सारंगपुर, निरीक्षक आकांक्षा हाडा थाना प्रभारी सारंगपुर, उनि अमित त्यागी, उनि जितेन्द्र अजनारे थाना प्रभारी कालीपीठ व सायबर सेल प्रभारी, सउनि आनंदीलाल भिलाला, आरक्षक 460 आदित्य, आर 992 बनवारी थाना सारंगपुर का रहा। शेष आरोपीगण की जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जावेगी। राजगढ़ पुलिस अपराधियों के लिए चेतावनी, नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच है।

### अस्पताल रोड से महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**ब्यावरा।** सिटी थाना क्षेत्र में अस्पताल रोड से शनिवार रात 10 बजे अपने परिवार के साथ अपने गांव बड़खेड़ी जाते समय अचानक एक महिला गायब हो गई। महिला की सास गंगाबाई पति अशोक यादव 50 साल निवासी सुठालिया रोड ब्यावरा ने रविवार को सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 17 जनवरी की रात 10 बजे अपने गांव बड़खेड़ी जाने के लिए अस्पताल रोड पर जशवंत गुर्जर के मकान के पास ऑटो का इंतजार कर रहे थे। मेरे साथ मेरा लड़का लखन और बहू नीतू भी थी। इसी दौरान बहू नीतू वहां से अचानक बिना बताए कहीं चली गई। इसके बाद उसे आसपास और उसके घर पड़ोनिया सहित रिश्तेदारों के यहां तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिली। हारथक कर पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने महिला की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

**कार्यशाला** जन अभियान परिषद के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व में कार्यशाला आयोजित

# स्वामी विवेकानंद के विचारों से युवा नेतृत्व का निर्माण

**जागरण, ब्यावरा**



स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके विचारों को आत्मसात कर यदि युवा अपने जीवन में उतार लें, तो न केवल स्वयं का बल्कि समाज और राष्ट्र का भी उत्थान संभव है। इसी उद्देश्य को लेकर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास क्षमता कार्यक्रम अंतर्गत एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं के लिए स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ब्यावरा स्थित चंद्रशेखर महाविद्यालय में आयोजित हुआ, जिसमें ब्यावरा ब्लॉक के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से जोड़ते हुए उन्हें आत्मचिंतन, सामाजिक जिम्मेदारी और गांव-स्तर पर विकास कार्यों के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों और वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। जिला समन्वयक प्रवीण पंवार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा होने का अर्थ केवल उम्र नहीं, बल्कि चेतना और जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सबसे पहले स्वयं का अध्ययन करना चाहिए। गांवों का विकास ही देश के विकास की मजबूत नींव है। वहीं नायब तहसीलदार विनय रजक ने युवाओं को लक्ष्य निर्धारण और अनुशासन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि आज के समय में मोबाइल का सही उपयोग बहुत आवश्यक है। यदि युवा तकनीक का सदुपयोग करें तो वे राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें और निरंतर प्रयास करते रहें। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी छात्र-छात्राओं को सामाजिक सेवा, नैतिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं में महाविद्यालय प्राचार्य आर.के. गुप्ता, नायब तहसीलदार विनय रजक, प्रोफेसर सेफी अहिंसा वेलफेयर सोसायटी से अरुण सातालकर, राधेश्याम शर्मा पूर्व बैंक शाखा प्रबंधक, प्रमोद खरे, जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक भावना लाम्बाते, जितेंद्र सिसोदिया, अहिंसा वेलफेयर सोसायटी से मनीष दांगी, देश अपनाए फाउंडेशन के कॉर्डिनेटर, जनअभियान परिषद के मेंटर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सनातन धर्म को मानने वालों ने कभी भी साम्राज्य वाद नहीं चलाया : शर्मा

**जागरण, नरसिंहगढ़**



बोड़ा रोड़ पर स्थित ग्राम गनियारी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन कि रविवार को दिन के 12 बजे भारत माता की पूजा अर्चना के साथ शुरुआत की गई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के नैतिक शिक्षा संगठन के मंत्री सुनील शर्मा ने उपस्थित हिंदू समाज को संगठित करते हुए कहा कि सनातन धर्म सबसे पुराना धर्म और सनातन धर्म को मानने वालों ने कभी भी साम्राज्यवाद नहीं चलाया जबकि यहूदियों, इस्लाम को मानने वाले तथा अंग्रेजों द्वारा भारत में साम्राज्यवाद चलाकर आपस में जातिवाद के नाम पर लड़ा कर इस देश पर शासन किया। हम सभी को मिलकर जात पात के भेद भाव से बढ़ने से बचना होगा। सनातन विरोधियों द्वारा देवस्थानों को तोड़ा जाकर मस्जिदें मजार बनाने का काम एक हजार वर्ष तक किया हिंदुओं से जबरदस्त इस्लाम कबूल करवाने के लिए कई प्रकार के प्रलोभन दिए गए निर्दोष लोगों की हत्याएं की गई। बहन बेटियों की खुले आम इज्जत नीलाम की गई फिर भी सनातन धर्म को देश विरोधी ताकते मिटा नहीं पाई। साथियों जो भारत माता को डायन कहते हैं ऐसे लोगों को संरक्षण देना बंद करना होगा सनातन धर्म को मानने वालों द्वारा भारत मां को सर्वोच्च स्थान दिया है। वर्तमान समय में युवाओं को बलशाली बन कर नशा जैसी बुराइयों को त्यागने होगा।

## न्यूज कार्नर

### उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष यादव का साथियों सहित करेंगे सम्मान



**महिदपुर रोड़।** आगामी 20 जनवरी मंगलवार को नगर में उज्जैन प्रेस क्लब के निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष नंदलाल यादव तथा उनके साथियों का आंचलिक पत्रकार संघ के साथियों की ओर से प्रथम महिदपुर रोड़ आगमन पर सम्मान किया जायेगा कार्यक्रम के आयोजक योगेंद्र सिंह शाक्य ने बताया आयोजन में आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश टांक संरक्षक डॉ रामचंद्र ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश गौड़ प्रदेश प्रवक्ता एवं संभागीय अध्यक्ष रामचंद्र गिरी, संभागीय उपाध्यक्ष दिनेश मंडोवरा, मीडिया प्रभारी गोपाल उपाध्याय, जिला अध्यक्ष सुनील जैन रामसना, ब्लाक अध्यक्ष रघुवीर सिंह राजपूत, सहित आंचलिक पत्रकार संघ के महिदपुर व उज्जैन के समस्त पत्रकार साथी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

### महाराणा प्रताप की 429 वीं पुण्यतिथि आज

**उज्जैन।** चामुंडा माता चौराहे पर स्थित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर 19 जनवरी 2026 सोमवार की प्रातः 11 बजे उनकी 429 वीं पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया जाएगा । अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री अनिलसिंह चंदेल,राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट,शहर अध्यक्ष- अभिषेकसिंह बैस, युवा विंग के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आनंन्द सिंह खींची, युवा विंग के प्रदेश सचिव दर्शन ठाकुर,युवाविंग के शहर अध्यक्ष लोकेन्द्रसिंह गौड, युवाविंग के संभागीय अध्यक्ष -राजा ठाकुर,युवाविंग के जिलाध्यक्ष- शंकर सिंह पडिहार एवं सर्वश्री मलखानसिंह लिखित,अनिलसिंह राजपूत, प्रदीपसिंह तोमर,लाखनसिंह असावत, राजेशसिंह दिखित,शैलेन्द्र 'सिंह ठाकुर, श्यामबहादुर सिंह बघेल आदि ने देश भक्तों से अनुरोध किया।

# हर तरफ रफ्तार का खतरा, सड़कों पर की जा रही 'मौत की सवारी'!

## बेलगाम बसों पर आरटीओ की सबसे बड़ी कार्रवाई, 52 बसें धराईं




**जागरण उज्जैन।** जिले की सड़कों पर नियमों को धता बताकर दौड़ रहीं यात्री और स्लीपर बसों की मनमानी अब नहीं चलेगी। यात्रियों की जान से खिलवाड़ कर रही ऐसी खतरनाक बसों पर लगाम कसने के लिए परिवहन विभाग ने शुक्रवार को अब तक का सबसे बड़ा अभियान चलाया। नानाखेड़ा बस स्टैंड, इंदौर रोड और उन्हेल बायपास पर हुई ताबड़तोड़ चेकिंग में 189 बसों की जांच की गई, जिनमें से 52 पर बड़ी कार्रवाई की गई है।

आरटीओ का यह अभियान बस संचालकों की अनियमितताओं का चिट्ठा खोल गया।बिना फिटनेस, गलत परमिट, ओवरलोड सामान और अवैध बॉडी मोडिफिकेशन का खेल खुलेआम चलता मिला।

आरटीओ संतोष मालवीय ने बताया कि जांच टीम के सामने सबसे गंभीर तथ्य यह सामने आया कि कई बसें छतों पर क्षमता से कई गुना अधिक भारी लगेज लेकर दौड़ रही थीं। यह ओवरलोड न सिर्फ बस का संतुलन बिगाड़ता है, बल्कि मोड़ पर पलटने की आशंका को 80 फीसदी तक बढ़ा देता है।

कई बसों की फिटनेस अवधि महीनों पहले समाप्त हो चुकी थी, बावजूद इसके उन्हें खुलेआम यात्रियों के साथ दौड़ाया जा रहा था। वहीं टैक्स चोरी और गलत कागजों की अनियमितता भी बड़े पैमाने पर मिली।

### अवैध केबिन और खतरनाक स्लीपर कोच

टीम ने पाया कि कई बसों में अवैध केबिन, घटिया स्लीपर बर्थ और संकरे रास्ते बनाए गए थे, जिनसे आपात स्थिति में यात्री बाहर निकल भी नहीं सकते। कई बसों में आपातकालीन निकास तक अवरुद्ध पाए गए।

#### आरटीओ की कार्रवाई का ब्यौरा

- 30 बसों की फिटनेस निरस्त
- 10 बसों का रजिस्ट्रेशन सस्पेंड (कागजों में गड़बड़ी, गलत बॉडी मॉडिफिकेशन)
- 12 बसों के परमिट निरस्त (रूट उल्लंघन, शर्तों का पालन न करना)
- आरटीओ कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई सिर्फ शुरुआत है। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

#### इसलिए जानलेवा बन रही हैं ये बसें

- अवैध बॉडी निर्माण
- केबिन, सीट और स्लीपर इस तरह लगाए कि आपात स्थिति में यात्री निकल भी नहीं पाएँगे।
- ओवरलोड लगेज
- छतों पर भारी बोझ
- टैक्स चोरी और गलत परमिट
- सरकार को राजस्व नुकसान, यात्रियों को खतरे में डालकर लंबी दूरी तक दौड़ाई जा रही बसें।
- बिना फिटनेस दौड़ती बसें
- तकनीकी खामियों को नजरअंदाज कर सड़कों पर उतारी जा रहीं जर्जर गाड़ियाँ।

## सीएम यादव ने सिंगल क्लिक से जारी की लाडली बहनों के खाते में राशि

### जिले भर की लाडली बहनों ने की लाडली प्रसारण में सहभागिता



**जागरण उज्जैन।** मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने राज्य स्तरीय लाडली बहना योजना के नर्मदापुरम जिले के माखननगर से लाइव प्रसारण के दौरान उज्जैन जिले की लाडली बहनों के खातों में की राशि की बत्तीसवी किश्त के रूप में डेढ़ हजार रु की राशि जमा करते हुए मुख्य मंत्री लाड़ली बहना योजना को महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं की मील का पत्थर बताया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजनांतर्गत इस लाइव प्रसारण कार्यक्रम में जिले की 336666बहनों के खातों में कुल 49,36,16,200 रु राशि खातों में जमा की गई है। जिले भर में लाइव प्रसारण कार्यक्रम को सभी 2127 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से सभी नगरीय निकायों उनके वार्डो में तथा सभी 609 ग्राम पंचायतों में जनसामान्य द्वारा विशेषकर महिलाओं द्वारा उत्साह पूर्वक टीवी अथवा मोबाइल के माध्यम से देखा गया।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न उक्त सभी कार्यक्रमों के लाड़ली बहनों के उत्साह वर्धन हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गण मान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।

## सीएनजी और ई वाहनों की संख्या बढ़ी, फिर भी प्रदूषण 200 एक्यूआई के करीब

**जागरण उज्जैन।** करीब 5 साल पहले तक शहर में सीएनजी गैस से चलने वाले वाहनों में अधिकांश ऑटो तथा मैजिक वाहन ही चल रहे थे। इसके अलावा पिछले एक साल में सीएनजी तथा इलेक्ट्रिक से चलने वाले अन्य छोटे-बड़े वाहन भी शहर में बढ़ गए हैं और उनकी संख्या लगभग 40 हजार तक पहुंच गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक पूरे उज्जैन शहर में अभी रसोई गैस पीएनजी के कनेक्शन लगभग 60 हजार लग चुके हैं और लगभग 10 हजार कनेक्शन प्रति वर्ष लगाने का लक्ष्य है पुराने उज्जैन शहर जहाँ बहुत सकरी सडकें हैं वहां पीएनजी पाइपलाइन नहीं लग पाई है। इधर पेट्रोल और डीजल की महंगाई के बाद पीएनजी से चलने वालों में बड़े चार पहिया वाहनों में ऑटो और मैजिक वाहनों के अलावा कार से लेकर ट्रक तक लगभग 8 हजार वाहन उज्जैन में बढ़ गए हैं। इनमें मारूति और हुंडई कंपनी के सीएनजी से चलने वाले वाहन अधिक हैं। इसके अलावा 30 हजार से अधिक ई-रिक्शा व अन्य वाहन इलेक्ट्रिक से भी दौड़ रह हैं। इसके बावजूद शहर में अभी भी वायु प्रदूषण का स्तर 200 एक्यूआई के पार हो रहा है। रविवार सुबह 10 बजे तक महाकाल, आगर रोड़ और चामुण्डा चौराहा क्षेत्र में वायु की गुणवत्ता का स्तर 168 एक्यूआई तक पहुंच गया था। शाम तक यह 200 के पार जा रहा है।

## झूठ सच सभी वो लिख रहा है : अशोक

**उज्जैन।** झूठ सच सभी वो लिख रहा है, जाने क्या बही वो लिख रहा है, अशोक रक्ताले की ग़ज़ल से साहित्यिक संस्था ग़ज़लांजलि की काव्य-गोष्ठी का प्रारम्भ हुआ। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. श्रीकृष्ण जोशी ने की। प्रफुल्ल शुक्ल सरकार ने व्यंग्य रचना अपना राग अलापते हो, सोशल मिडिया पर अपनी-अपनी हाँकते हो सुनाई। रूपांतरण हाल दशहरा मैदान पर गोष्ठी को आगे बढ़ाते हुए डॉ. आर.पी. तिवारी ने स्वरचित सरस्वती वन्दना महिमा अतिशय अतुलित पावन जय-जय माँ सरस्वती सुहावन गाई। सत्यनारायण सत्येन्द्र ने मालवी भाषा की कविता बसंती तू काँ थी अब तक सुनाकर सभी का दिल जीत लिया। रामदास समर्थ ने नीम की छाँव के तले शीतल प्रथम परिचय के वे मधुर पल जवाँ दिलों दास्तान बयाँ करती कविता सुनाई।

## नगर में हुआ हिंदू सम्मेलन का आयोजन, निकली शोभायात्रा



**जागरण महिदपुर।** महिदपुर रोड़ विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन हिंदू संगठन द्वारा कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित किया गया रविवार को श्री शिव मंदिर से कृषि उपज मंडी तक एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों हिंदुओं ने सम्मिलित होकर एकता देश भक्ति एवं हिंदुत्व का का परिचय दिया शोभायात्रा में सभी भगवा ध्वज लहराते हुए भगवान श्री राम के मंगल कारी जय कारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर कृषि उपज मंडी परिसर पहुंची वहां पर हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि संत प्रदीप महाराज भाई जी ने कहा कि हमें हिंदुत्व की रक्षा के लिए सदैव आगे आना चाहिए प्रत्येक प्रत्येक हिंदू में हिंदुत्व का भाव होना चाहिए भारत में रहने वाला हर एक हिंदू है।

विभाग कार्यवाह पारस गहलोत ने अपने बौद्धिक मैं कहा कि हम सब एक ही माला के मोती हैं हिंदू समाज को सजग एवं जागृत होने की जरूरत है हर भारत वासी को अपने हिंदू होने पर गर्व होना। चाहिए रेखा दीदी राष्ट्रीय सेविका समिति प्रमुख ने भी संबोधित किया अतिथियों का पुष्प माला शाल, श्रीफल से स्वागत पुरुषोत्तम सोनी, जगदीश अरोड़ा, कान्हा गुर्जर,सेवाराम जाट ने किया कार्यक्रम पश्चात सामूहिक भोज का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में हिंदू समाज ने एक ही पंगत एक ही संगत में भोजन को ग्रहण किया। हिंदू सम्मेलन के संयोजक कमल सिंह बापू, भोजन प्रभारी दशरथ राठौर, संतोष जायसवाल, बालकृष्ण राठौर, रतन सिंह, चैन सिंह, गोविंद पोरवाल, अरविंद बरडिया, दीपक शर्मा, मुकेश चौधरी, अमन उपाध्याय, धर्मराज, मनीष जैन, प्रभु लाल अहिरवार, श्याम गुलाटी, आदि एवं समाजसेवी संगठनों, ग्रामीण जनों एवं हिंदू युवा संगठन के सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया आभार हिंदू सम्मेलन आयोजन के संयोजक कमल सिंह बापू ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी हिंदू समाज जनों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## हाथ-ठेला व फुटपाथ व्यापारी प्रधानमंत्री से करेंगे शिकायत

**जागरण उज्जैन।** महाकाल क्षेत्र के आसपास वर्षों से व्यवसाय कर रहे हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारियों को बिना किसी पूर्व सूचना हटाए जाने के विरोध में हाथ-ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर शिकायत करने का निर्णय लिया है।

व्यापारियों का कहना है कि यह कार्रवाई पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण एवं विनियमन) अधिनियमङ्क2014 का स्पष्ट उल्लंघन है। संघ का आरोप है कि कानून लागू हुए 11 वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक न तो व्यवस्थित सर्वे कराया गया और न ही स्थायी संरक्षण अथवा पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी की गई है। इसके चलते छोटे व्यापारियों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है।

संघ अध्यक्ष कालूराम चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यापारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर मंदिर प्रशासन एवं नगर निगम से लगातार अपील की जा रही है, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इसी कारण संगठन ने अब प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत करने का निर्णय लिया है।

## 300 दिन में आग लगने की 359 घटनाएं

जागरण उज्जैन। साल 2025 गुजर चुका है और नया वर्ष 2026 आरंभ हो चुका है और जनवरी माह चल रहा है। पिछला वर्ष 2025 शहरी और ग्रामीण इलाकों में आग लगने की घटनाओं के कारण मीडिया में काफी सुर्खियों में रहा। फायर ब्रिगेड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार गत वर्ष 1 जनवरी से 31 अक्टूबर तक विभाग को उज्जैन तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने की कुल 359 घटनाओं की सूचना मिली। इस पर विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई और घटना स्थल पर जाकर आग बुझाई गई।

फायर ब्रिगेड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शहर तथा आसपास के ग्रामीण इलाकों में आग लगने की घटनाओं पर तत्काल काबू पाने के लिए विभाग का अमला 24 घंटे अलर्ट रहता है। फायर ब्रिगेड में आग पर काबू पाने के लिए वर्तमान में 13 वाहन हमेशा अलर्ट रखे जा रहे हैं। इनके संचालन के लिए 20 ड्रायवर की 3 शिफ्टों में रूटिन ड्यूटी 24 घंटे रहती है। सभी कर्मचारी आग बुझाने में निपुण है और ट्रेनिंग प्राप्त है। वर्ष 2025 में 1 जनवरी से लेकर 31 अक्टूबर तक की अवधि में आग लगने की विभाग को कुल 359 सूचनाएं प्राप्त हुई थी। जिन पर जानकारी लगते ही एक्शन किया गया और मौके पर जाकर आग बुझाई गई। उन्होंने यह भी बताया कि उपरोक्त 359 घटनाओं में आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने के लिए विभाग के कई कर्मचारी और वाहन लगाने पड़े थे। इधर फायर ब्रिगेड कार्यालय से मिले आंकड़ों पर गौर किया जाए तो पिछले साल हर हर दूसरे दिन आग लगने की तीन घटनाएं हुई है।

**अप्रैल में सबसे अधिक घटनाएं, अगस्त में कम**-फायर ब्रिगेड से प्राप्त आंकड़ों पर गौर किया जाए तो गत वर्ष 2025 में 1 जनवरी से 31 अक्टूबर तक कुल 300 दिनों में आग लगने की सबसे अधिक घटनाएं शहरी और ग्रामीण इलाकों में अप्रैल महीने में हुई। जिसकी संख्या 184 रही। जबकि सबसे कम अग्नि दुर्घटनाएं गत वर्ष अगस्त के महीने में 2 हुई। हालांकि इसके अलावा मार्च के महीने में भी आग लगने की 71 घटनाएं हुई थी। वहीं मई के महीने में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 31 स्थानों पर आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को प्राप्त हुई थी।

**एक नजर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने की घटनाओं पर...**

| माह | शहरी क्षेत्र में अग्नि दुर्घटनाएं | ग्रामीण क्षेत्र में अग्नि दुर्घटनाएं | अग्नि दुर्घटनाओं की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| जनवरी 2025 | 17 | 01 | 18 |
| फरवरी 2025 | 19 | 01 | 20 |
| मार्च 2025 | 39 | 32 | 71 |
| अप्रैल 2025 | 74 | 110 | 184 |
| मई 2025 | 26 | 05 | 31 |
| जून 2025 | 13 | 01 | 14 |
| जुलाई 2025 | 08 | 04 | 12 |
| अगस्त 2025 | 02 | 00 | 02 |
| सितंबर 2025 | 06 | 00 | 06 |
| अक्टूबर 2025 | 16 | 05 | 21 |
| कुल योग | 200 | 159 | 359 |

# सिंहस्थ-भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा में होगा एआई आधारित तकनीक का उपयोग

## ड्रोन की भी मदद ली जाएगी, 30 करोड़ लोगों के आने का है अनुमान



**जागरण उज्जैन।** सिंहस्थ 2028 की प्लानिंग में तमाम काम और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के बीच भीड़ नियत्रंण और सुरक्षा पर पूरा जोर देना होगा। सिंहस्थ की तमाम गतिविधियों का केंद्र नीलगंगा, रामघाट और महाकाल मंदिर हैं और यह व्यस्त और रहवासी क्षेत्र हैं। वहीं इस बार 30 करोड़ लोगों के आने की संभावना व्यक्त की जा रही हैं।

सिंहस्थ की प्लानिंग के लिए प्रयागराज कुंभ के अध्ययन को भले ही आधार बनाने की बात की जा रही हो, लेकिन सिंहस्थ मेले और प्रयागराज कुंभ की व्यवस्था में भिन्नताएं रहेगी। दरअसल प्रयागराज कुंभ का 80 से 90 प्रतिशत क्षेत्र गंगा के तट पर खुले मैदान में होता हैं। वहां स्थायी प्रकृति के कार्य भी अधिक नहीं होते हैं भौगोलिक नजरिए से उज्जैन की स्थिति ठीक विपरीत हैं। सिंहस्थ मेले क्षेत्र के खुले स्थान में अखाड़ों के साथ ही संतों-महंतों, धार्मिक गतिविधियों के पांडालों के अलावा अन्य गतिविधियों जैसे प्रवेश पेशवाई, स्नान पेशवाई और शाही स्नान अन्य पर्व स्नान के आयोजन लगभग शहर के व्यस्त क्षेत्र में होते हैं और इसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ता हैं। ऐसे में तमाम अस्थायी, स्थायी भौतिक सुविधाओं के अतिरिक्त भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के खास इंतजाम करना होंगे।

दो साल बाद उज्जैन में होने वाले महाकुंभ के लिए ड्रोन सर्वे और एआई आधारित तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसके लिए प्रयागराज और हरिद्वार कुंभ में काम कर चुकी कंसल्टेंसी और निजी एजेंसियों को उज्जैन बुलाकर उनसे सुझाव लिए जाएंगे की किस तरह से बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के हिसाब से कैसी तैयारी की जाए।

इसके आधार पर ही एक आईटी फर्म का गठन कर उसमें विशेषज्ञों की निसुक्ति की जाएगी।

### सिहंस्थ में एआई से होगा भीड़ प्रबंधन

उधर शासन और प्रशासन का मानना है कि सिहंस्थ में 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आ सकते हैं। इस दौरान भीड़ और यातायात प्रबंधन के लिए ड्रोन सर्वेक्षण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जाएगा। महाकुंभ के समापन के बाद वहाँ के आयोजन में जुड़े रहे कम्युनिकेशन, आईटी, क्राउड मैनेजमेंट में लगी एजेंसियों और स्टार्टअप को भी आमंत्रित करेंगे, ताकि उज्जैन महाकुंभ के आयोजना से पहले उनसे सीखा जा सके।

## दंग्वाड़ा क्षेत्र पुरातात्विक दृष्टि से शोध का क्षेत्र खनन से मिलेंगे शोध के नए विषयः डॉ. ठाकुर



**जागरण महिदपुर ।** महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्व विद्यालय के वास्तु विभाग द्वारा कुलगुरु प्रो.शिवशंकर मिश्र महोदय की प्रेरणा से शैक्षणिक भ्रमण के आयोजन किया गया। कुलगुरु ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक आयोजनों से छात्रों में शोधपरक चिन्तन का विकास होता है। उन्होंने बताया कि पुरातात्त्विक स्थलों में वास्तु के दर्शन अवश्य होते हैं जो कि भारतीय ज्ञान परम्परा का एक अंग है। शैक्षणिक भ्रमण आचार्य तथा विद्यार्थियों के दल द्वारा महिदपुर सहित डोंगला स्थित वेधशाला में किया गया। दल का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ शुभम् शर्मा, विभागीय आचार्य के रूप में, डॉ विजय कुमार, ज्योतिष विभागीय आचार्य डॉ रूपेश मिश्र के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें 20 छात्र उपस्थित रहे।

दल ने अश्विनी शोध संस्थान के निदेशक डॉ.आर.सी. ठाकुर के मार्गदर्शन में ठाकुर पर्वतसिंह सङ्ग्रहालय, महिदपुर किला, वीराङ्गना रानी तुलसाबाई की समाधि आदि स्थलों का भी शैक्षणिक भ्रमण किया। डॉ.ठाकुर ने महिदपुर के ऐतिहासिक तथा पुरातात्त्विक महत्त्व को विस्तार से बताया, जो कि वास्तु के छात्रों हेतु उपयोगी जानकारी थी। वीराङ्गना रानी तुलसाबाई होल्कर की समाधि पर सभी ने श्रद्धाप्रसून समर्पित किये तथा वन्दे मातरम् 150 वर्ष के उपलक्ष्य में सामूहिक वन्दे मातरम् का गायन भी किया। डॉ.ठाकुर ने वीराङ्गना के सङ्घर्ष तथा अंग्रेजी सेना के साथ हुए भीषण युद्ध के विवरण को विस्तार से बताया। ठाकुर पर्वतसिंह सङ्ग्रहालय, अश्विनी शोध संस्थान के शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों ने संग्रहालय प्रबन्धन पर प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। ज्ञातव्य है कि संस्थान के साथ विभाग तथा विश्वविद्यालय के समझौता अनुबन्ध है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य शिवशंकर मिश्र के मार्गदर्शन अनुरूप निदेशक तथा विभागीय आचार्यों के मध्य नवीन आयामों के साथ नवीन स्र्ल्ह करने के विषय में विचार विमर्श हुआ। चूँकि वर्तमान में सतत स्र्ल्ह के अनुसार डॉ ठाकुर के मार्गदर्शन में आचार्य विश्वकर्मा वास्तु एवं पुरातत्त्व संग्रहालय की स्थापना की गयी है, जिसके संरक्षक स्वयं डॉ आर. सी. ठाकुर हैं, अतः वास्तु संग्रहालय के विकास को लेकर भी दल ने डॉ ठाकुर से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# रोड कांग्रेस के मानकों के मुताबिक बदलेगा उज्जैन का ट्रैफिक सिस्टम

## प्रमुख चौराहों के ले-आउट से लेकर सड़क चौड़ीकरण तक होगा बड़े पैमाने पर सुधार

**उज्जैन।** धार्मिक आस्था और पर्यटन की राजधानी बन चुके उज्जैन शहर के भविष्य को व्यवस्थित करने के लिए प्रशासन अब पूरी गंभीरता के साथ आगे बढ़ रहा है। आने वाले वर्षों में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजनों को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख चौराहों को वैज्ञानिक पद्धति से विकसित करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए इंडियन रोड कांग्रेस (आईआरसी) के मानकों और गाइडलाइन का पालन अनिवार्य किया गया है।

हाल ही में सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में आयोजित बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शहर की सड़कों और चौराहों के आधुनिकीकरण को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में नए मार्गों और इंटरसेक्शन का निर्माण केवल सौंदर्यकरण के उद्देश्य से नहीं, बल्कि यातायात के दबाव, सुरक्षा और सुगमता को ध्यान में रखकर किया जाए।

बैठक में प्रभारी नगर निगम आयुक्त संतोष टैगोर, यूडीए सीईओ संदीप सोनी, लोक निर्माण विभाग और एमपीआरडीसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

चौराहों की डिजाइन ट्रैफिक पैटर्न के हिसाब से...

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर चौराहे की डिजाइन इस तरह तैयार की जाए कि ट्रैफिक का मूवमेंट निर्बाध रहे और जाम की स्थिति न बने। इसके लिए सभी निर्माण एजेंसियों को आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा गया है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सड़कों की चौड़ाई, टर्निंग रेडियस, साइनेज, रोड सेफ्टी फीचर्स और क्रॉस सेक्शन आईआरसी मानकों के अनुरूप ही तय हों।

### तीन विभाग करेंगे लेआउट तैयार

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों की सामग्री और इंजीनियरिंग गुणवत्ता पर कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने नगर निगम, उज्जैन विकास प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग को मिलकर चौराहों का अंतिम ले-आउट तैयार करने के निर्देश दिए।

### जरूरी चौराहों का वैज्ञानिक विकास

- शहर में हर साल बढ़ रहा वाहन दबाव
- 2028 के सिंहस्थ को ध्यान में रखकर पूर्व तैयारी
- असंगठित चौराहों के कारण बार-बार ट्रैफिक जाम
- सुरक्षा मानक और टर्निंग रेडियस तय करने की जरूरत
- आईआरसी मानक अपनाने से दुर्घटना कम और यातायात सुगम बनाना

## अभाविप ने निकाली विवेक ज्योति रथ यात्रा, नागरिकों ने किया भव्य स्वागत



**जागरण महिदपुर।** झारड़ा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में को विवेक ज्योति यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी सम्मिलित हुए नागरिकों ने जगह-जगह स्वागत कर छात्रों का उत्साहवर्धन किया ।

विद्यार्थी परिषद के द्वारा आयोजित विवेक ज्योति रथ यात्रा नगर में 11:30 बजे अंबेडकर बस स्टैंड से प्रारंभ हुई जिसमें स्वामी विवेकानंद के चित्र को रखा गया था नागरिकों ने यात्रा में उपस्थित विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा की तथा रथ पर विराजमान स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया यात्रा इंदौख चौपाटी, नई सड़क, चौक बाजार, नाग मंदिर होती हई अंबेडकर बस स्टैंड पर पहुंची ।

जहां विद्यार्थियों को स्वल्पाहार कराया गया यात्रा का स्वागत पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान मित्र मंडल, जनपद सदस्य किशोर माली के नेतृत्व में मेवाड़ा माली समाज, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवनारायण सूर्यवंशी एवं महेंद्र कुमावत मित्र मंडल, राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष मांगीलाल कुमावत मित्र मंडल, आंचलिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुनील जैन, बजरंग कुमावत, राहुल जायसवाल, अमन पोरवाल भुवान कुमावत इत्यादि नागरिकों के द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया । इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उज्जैन ग्रामीण, जिला संगठन मंत्री अक्षय जोशी, जिला संयोजक मेहुल शर्मा, झारड़ा नगर मंत्री दीपेश कुमावत, भाग संयोजक आदित्य मेहता आदि उपस्थित थे।

## न्यूज कार्नर

### महिला परिषद का संक्रांति मिलन एवं हरि कीर्तन सम्पन्न



**जागरण अशोकनगर।** अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद के तत्वावधान में संक्रांति मिलन समारोह एवं हरि कीर्तन का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में समस्त रघुवंशी महिला शक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। परिषद की प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी भी समारोह में सम्मिलित रहीं। कार्यक्रम के दौरान हरि कीर्तन से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाए और एक-दूसरे को संक्रांति पर्व की शुभकामनाएँ दीं। समाज की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। आयोजन में रितु रघुवंशी एवं सीमा रघुवंशी का विशेष योगदान रहा, साथ ही परिषद की सभी बहनों का सराहनीय सहयोग प्राप्त किया।

### आबकारी विभाग ने जब्त की अवैध शराब

**अशोकनगर।** रविवार को जिला आबकारी अधिकारी जी पी केवट के मार्गदर्शन में वृत्त मुंगावली के ग्राम बिजलीपुर के शासकीय नाले के किनारे एवं पिपरई के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर तलाशी ली गई। इस दौरान 08 प्लास्टिक एवं लोहे की टंकियों 1400 लीटर महुआ लाहन जप्त किया गया। साथ ही 10 लीटर हाथभट्टी जप्त की गई। लाहन को मौके पर विधिवत नष्ट किया। जप्त मदिरा एवं लहान का अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 12 हजार रुपए है। उक्त कार्यवाही सहायक आबकारी अधिकारी आजाद सिंह आर्य के निर्देशन पर प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश सिंह रघुवंशी द्वारा की गई। इस दौरान आबकारी आरक्षक अजय सिंह तोमर, वैजन्ती खरे, शिवानी भिलाला एवं नगर सैनिकों का विशेष सहयोग रहा।

# नारी शक्ति और स्वदेशी संस्कृति का अद्भुद संगम

## विश्व मांगल्य सभा ने किया कार्यक्रम आयोजित, प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**जागरण अशोकनगर।**

मकर संक्रांति के अवसर पर अखिल भारतीय संयोजिका जन प्रतिनिधि परिवार संपर्क विभाग की डॉ. अनुराधा यादव एवं विश्व मांगल्य सभा के आयोजकत्व में कार्यक्रम संपन्न आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. अनुराधा यादव के निज निवास में आयोजित किया गया जहां भारतीय परंपरा, नारी शक्ति और स्वदेशी संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान फैशन शो की शुरुआत से पहले वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सभी प्रतिभागी महिलाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर एक स्वर में भारत माता के गीतों पर जयघोष किया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो उठा। इस सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण चंदेरी की कालजयी साड़ियों पर आधारित भव्य फैशन शो रहा। ऑल इंडिया सिक्स यार्ड्स की प्रेसिडेंट चेतना मिश्रा के सशक्त मार्गदर्शन में आयोजित इस शो में मध्यभारत के विभिन्न अंचलों से आई 100 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता कर भारतीय बुनकर परंपरा और साड़ी संस्कृति को मंच पर जीवंत किया।



**प्रतिभागियों को किया सम्मानित:**

फैशन शो के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। चंदेरी क्वीन का खिताब रश्मि जैन को प्राप्त हुआ। जबकि फर्स्ट रनरअप सोनम जैन एवं सेकेंड रनरअप डॉ. शिवाली यादव रहीं। मोस्ट फोटोजेनिक फेस का पुरस्कार दीपा रघुवंशी, बेस्ट कॉस्ट्यूम भारती अग्रवाल, बेस्ट वॉक गंगा रघुवंशी तथा बेस्ट साड़ी का सम्मान प्रतिभा यादव को प्रदान किया गया। मोस्ट स्टाइलिश एवं बेस्ट स्टाइलिश अवॉर्ड मनीषा यादव को, बेस्ट वाइब्स का खिताब डॉ. मनीषा यादव को मिला।

चंदेरी यून क्वीन सि मी जैन, बेस्ट क्रिएटिव अवॉर्ड प्रिया खुराना, बेस्ट डिवा डॉ. अंतिमा यादव, चंदेरी डिवा बेस्ट स्टाइलिश डॉ. कीर्ति रघुवंशी तथा चंदेरी यूजन क्वीन का सम्मान सिम्मी जैन को प्रदान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक सीधी एवं पूर्व सांसद रीति पाठक, विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रवीण तिवारी एवं डॉ. चेतना मिश्रा थीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आरती तिवारी ने किया। अंत में कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. अनुराधा यादव ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों, आयोजकों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया हुआ।



# शासन की संयुक्त कार्यवाही से नगर में चलेगा अतिक्रमण मुक्त अभियान



**जागरण मुंगावली।**

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इसरार खान द्वारा मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनय कुमार भट्ट को निर्देश दिए गए कि नगर में अव्यवस्थित तरीके से अतिक्रमण को सख्ती से हटाया जाना है जिसके अंतर्गत शासकीय भूमि पर दुकानों के आगे शासकीय भूमि पर टीन शेड्स नालियों पर पत्थर एवं सामान रखे हुए एवं शासकीय भूमि पर दुकान लगाकर समान रखकर विक्रय करने वाले दुकानदार हाथ ठेले पर विक्रय करने वाले सब्जी फल विक्रताओं को सख्ती से हटाया जाएगा जिसके लिए नगर में मुनादी के माध्यम से एवं नगर परिषद द्वारा सभी को मौखिक सूचना भी दी जा रही है जिसके लिए कुछ दिन का समय दिया गया है,नगर के प्रत्येक क्षेत्र में प्रशासन सख्ती से पूरे दल बल के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेगा जिसकी टूटफूट के जिम्मेदार स्वयं अतिक्रमणकर्ता होंगे। अनुविभागीय अधिकारी इसरार खान के निर्देशानुसार हाथ ठेले पर कपड़ा विक्रय करने वाले दुकानदार एवं मनिहारी दुकानदार नगर परिषद ग्राउंड में अपनी दुकान लगा सकेंगे इसके अलावा सभी फल विक्रेता सब्ज़ी विक्रेताएएवं समस्त दुकानें एवं प्रत्येक गुरुवार को लगने वाला हाट बाजार पुरानी गल्ला मण्डी में लगाया जाएगा। नगर परिषद सीएमओ विनय कुमार भट्ट के द्वारा निरंतर अतिक्रमण कार्यवाही नगर में जारी रहेगी। अतिक्रमण कार्यवाही में नगर परिषद से अतिक्रमण प्रभारी राशिद खान,संतोष पवार सफाई दरोगा इकरार खान वीरू करोसिया आदि कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

# ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**जागरण ईसागढ़।**

मध्यप्रदेश शासन के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्राम विकास पखवाड़ा के अंतर्गत ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम की श्रृंखला में विकासखंड ईसागढ़ के महाविद्यालय परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवेंद्र यादव एवं जनपद पंचायत सीईओ एके प्रजापति ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम के उदय से ही राष्ट्र का उदय संभव है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ एके प्रजापति ने स्वावलंबी भारत अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय स्तर पर निर्मित स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान किया। पूर्व बीईओ सोलंकी ने प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान पर अपने विचार रखते हुए प्लास्टिक के स्थान पर कागज,कपड़े एवं देसी दोना-पत्तल के उपयोग की अपील की। कार्यक्रम में पानी बचाव पर आधारित गीत का मंच संचालन मेन्टर्स ऋषि ओझा ने ऊर्जावान तरीके से किया। ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिला अध्यक्ष एजे घूमन सिंह ने बच्चों से मोबाइल से दूर रहकर वास्तविक जीवन में महापुरुषों के विचारों और जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। इस अवसर पर रघुकुल सेवा समिति अध्यक्ष विपिन रघुवंशी, माधव समिति से अंकित यादव, सिद्ध बाबा समिति से दिनेश सेन, जन जाग्रति समिति से रवि केवट सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष भाजपा सीताराम कुशवाह, नगर विकास समिति अध्यक्ष अमित गोस्वामी, नारायण दास बैरागी, कुलदीप बैरागी सहित सभी मेंटर्स एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा स्वामी विवेकानंद पर सुंदर पेंटिंग बनाई गईं तथा उनके जीवन और विचारों पर भाषण भी दिए गए। अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# डेकन ग्राम की राशन दुकान पर एसडीएम की कार्यवाही

### जांच में पाई गई कई अनियमितता, धरोहर राशि भी की गई राजसात

**जागरण मुंगावली।**

शासकीय उचित मूल्य की दुकान डेकन पर एसडीएम ने जांच के उपरांत कार्यवाही की है जिसमें भारी अनियमितता देखने को मिली थी,शिकायत पर एसडीएम ने मौके पर जाकर जांच की तो पाया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान डेकन के में वितरण 6-14 प्रतिशत एवं माह दिसंबर में मात्र दो दिवस ही दुकान को खोली गई, दुकान पर स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण पंजी नहीं पाई गई थी, दुकान पर किसी प्रकार का बोर्ड भी नहीं लगा पाया गया एवं स्टॉक में अंतर पाया गया । दुकान जांच में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने के आधार पर एसडीएम ने शक्तिपुंज भंडार सागर द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल दुकान डेकन के प्रबंधक और विक्रेता को मध्य प्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जारी शासकीय उचित मूल्य दुकान का आवंटन स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने से कारण बताओ नोटिस जारी किया था जिसके जवाब संतुष्टि पूर्वक नहीं मिला जिसके बाद उक्त दुकान को निलंबित कर सेवा सहकारी संस्था खोरीबरी संस्था की शासकीय उचित मूल्य दुकान बेलई में संलग्न किया गया एवं 5000 की प्रतिभूति राशि राजसात की गई।



**इनका कहना है...**

डेकन ग्राम की राशन दुकान की जांच की थी जिसमें भारी अनियमितता मिली थी जिसके बाद दुकान संचालक को नोटिस जारी कर जबाव मांगा गया था,जवाब संतुष्टि पूर्वक नहीं मिला जिसके बाद उक्त दुकान निलंबित कर बेलई में संलग्न कर दिया है साथ राशि भी राजसात की गई है।

-इसरार खान, एसडीएम मुंगावली

### पति ने दो थप्पड़ मारे पत्नी ने खाया जहर, शक को लेकर हुआ विवाद

**जागरण, शिवपुरी।** पिछोर थाना क्षेत्र के घटबरा गांव में एक नवविवाहिता ने पति पर शक के चलते जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर हालत में महिला को शिवपुरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, 22 वर्षीय बबीता केवट की शादी तीन साल पहले राजकुमार केवट से हुई थी। दंपती का एक बच्चा भी है और परिवार सामान्य रूप से जीवन यापन कर रहा था। बबीता ने बताया कि शनिवार को उसके पति राजकुमार अपनी मां के साथ बाहर गए थे। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने उसे सूचना दी कि उसका पति किसी अन्य महिला के साथ है। इस जानकारी के बाद बबीता को पति पर शक हो गया। जब राजकुमार घर लौटा तो बबीता ने उससे पूछताछ की। इस दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर पति ने बबीता को दो थप्पड़ मार दिए। पति के व्यवहार से आहत होकर बबीता ने जहर का सेवन कर लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे पहले पिछोर और बाद में शिवपुरी जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में होश में आने पर बबीता को पता चला कि उसका शक गलत था और उसका पति वास्तव में अपनी मां के साथ ही गया था। फिलहाल महिला की हालत स्थिर बताई जा रही है। बबीता ने अपने पति से अत्यधिक प्रेम करने की बात भी कही है।

# इंदौर दूषित पानी से मौतों पर कांग्रेस का प्रदर्शन

## मौतों के लिए सरकार जिम्मेदार, मृतकों के परिजनों को दो करोड़ रूपए मुआवजे की मांग


**जागरण, शिवपुरी।** कांग्रेस कमेटी ने इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई 24 मौतों के विरोध में शिवपुरी जिला मुख्यालय पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। शहर के माधव चौक पर रविवार सुबह 11 से दोपहर 4 बजे तक उपवास दिवस मनाकर धरना-प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित अग्रवाल, पूर्व विधायक प्रागीलाल जाटव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने इन मौतों के लिए प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा कि पिछले छह माह से स्थानीय जनता पार्षद, नगर निगम अधिकारियों, विधायकों और मंत्रियों से दूषित पानी की शिकायत कर रही थी, लेकिन किसी भी स्तर पर सुनवाई नहीं हुई। इस लापरवाही का परिणाम 24 लोगों की मौत के रूप में सामने आया। अग्रवाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश में पार्षद से लेकर विधायक, प्रभारी मंत्री, सांसद, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक एक ही दल के होने के बावजूद ऐसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इतने बड़े मामले के बाद भी न तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हुई और न ही किसी जनप्रतिनिधि या मंत्री ने इस्तीफा दिया। कांग्रेस ने मृतकों के परिजनों को 2-2 करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग रखी।



इधर, शिवपुरी शहर की बस्तियों में फैली गंदगी को लेकर कांग्रेस मीडिया प्रभारी राजकुमार ने नगरीय प्रशासन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन इलाकों में गंदगी है, वहां सफाई कराने के बजाय गंदी बस्ती लिखवाकर क्षेत्र को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय सांसद व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी घेरते हुए कहा कि यदि समय रहते हालात नहीं संभाले गए तो परिणाम पहले जैसे ही होंगे। धरने के दौरान जिलाध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने संगठन के भीतर हो रहे विरोध पर भी सफाई दी। उन्होंने बताया कि करेरा और नरवर में कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा काले झंडे दिखाने का कारण ब्लॉक अध्यक्ष पद को लेकर असंतोष है, क्योंकि एक ब्लॉक में केवल एक ही अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

# एक रात में दो घरों से सोना, चार किलो चांदी और एक लाख नकदी ले उड़े चोर



**जागरण, शिवपुरी।** इंदार थाना क्षेत्र के मड़वासा गांव में अज्ञात चोरों ने एक ही रात दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाया। चोर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए।

ग्राम मड़वासा निवासी 44 वर्षीय किसान आशीष यादव के घर में बंद कमरे का ताला तोड़कर चोर घुसे। उस समय परिवार के सदस्य घर के अन्य कमरों में सो रहे थे। चोरों ने बक्से और अलमारी के ताले तोड़कर लगभग 10 तोला सोने के जेवर और 50 हजार रुपए नकद चुरा लिए। इसी गांव में 71 वर्षीय फूल सिंह यादव के घर भी चोरी की बड़ी वारदात हुई। चोरों ने कमरे में रखे पांच बक्सों के ताले तोड़े। एक बक्से से तिजोरी की चाबी मिली, जिससे तिजोरी खोलकर चोर 35 तोला सोना, लगभग 4 किलो चांदी और करीब 50 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। दोनों घटनाओं की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इंदार पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश कर रही है और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# दवा से चना फसल बर्बाद, 10 गांवों के 20 किसान प्रभावित

### खतौरा की दुकान सील

**जागरण, शिवपुरी।** इंदार थाना क्षेत्र में कृषि दवा के कारण किसानों की चने की फसल खराब होने का मामला सामने आया है। खतौरा गांव में संचालित अग्रवाल कृषि सेवा केंद्र से खरीदी गई इल्ली मारने की दवा के इस्तेमाल से करीब 10 गांवों के किसानों की फसल बर्बाद हो गई।

किसानों ने इंदार थाना और कृषि विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद विभाग ने कार्रवाई शुरू की। ग्राम छापी निवासी राजीव यादव (26) ने बताया कि उन्होंने 9 जनवरी 2026 को अग्रवाल कृषि सेवा केंद्र, खतौरा से चने की फसल के लिए 3100 रुपए में एक दवा का पूरा सेट खरीदा था। दुकानदार ने इस दवा के इस्तेमाल से प्रति बीघा 6 क्विंटल उत्पादन का दावा किया था। राजीव यादव ने 10 जनवरी को अपने 12 बीघा खेत में दवा का छिड़काव किया। इसके अगले ही दिन चने की पत्तियां सूखने लगीं। किसान ने जब दुकानदार से शिकायत की तो उसे फसल में ग्लूकोज डालने की सलाह दी गई। हालांकि, इससे भी फसल में कोई सुधार नहीं हुआ। बाद में दुकानदार ने स्पष्ट कर दिया कि वह और दवा तो दे सकता है, लेकिन फसल ठीक न होने की जिम्मेदारी उसकी नहीं होगी। कृषि विभाग के एसएडीओ कल्लू सिंह ने जानकारी दी कि किसानों की शिकायत के बाद अग्रवाल कृषि सेवा केंद्र, खतौरा को सील कर दिया गया है। अब तक खतौरा और आसपास के लगभग 10 गांवों के करीब 20 किसानों ने चने की फसल खराब होने की शिकायत दर्ज कराई है। इन सभी किसानों ने इसी दुकान से दवा खरीदी थी। कृषि विभाग की टीम गांव-गांव जाकर किसानों की फसल का निरीक्षण कर रही है और टॉनिक डलवाकर फसल को ठीक करने का प्रयास कर रही है। किसानों के बयान दर्ज करने और फसल के नुकसान का आकलन करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# ब्लॉक स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान कार्यक्रम आयोजित

### जन से जुड़ने का माध्यम बने ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान: मंगल सिंह कुशवाह

**जागरण, कोलारस।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कोलारस अंतर्गत ग्रामोदय से अभ्युदय,मध्य प्रदेश अभियान का विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानीपुरा कोलारस में आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष मंगल सिंह कुशवाह, कार्यक्रम विशेष अतिथि दीपक जैन महामंत्री विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार भेरवा उद्यानकी विभाग, विकासखंड समन्वयक रामकुमार तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं%माल्यार्पण कर किया गया। स्वागत भाषण में विकासखंड समन्वयक कोलारस रामकुमार तिवारी ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार जन अभियान परिषद द्वारा 12 जनवरी से 26 जनवरी के मध्य विकासखंड अंतर्गत ग्रामोत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें ग्राम उत्सव, चौपाल, रैली, श्रमदान, साफ सफाई,स्वदेशी अपनाने की शपथ,नशामुक्ति, जैविक कृषि, गौ संरक्षण आदि के संबंध में जन जागरण एवं शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए मंगल सिंह कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में बताया कि यह अभियान शासन को जनता से जोड़ने का अभियान है। जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम स्तर पर जब यह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तो जनता के मध्य योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ साथ जो लोग वंचित रह गए हैं उनको भी जोड़ने का कार्य करना है। इसी दौरान राहुल त्यागी ने अपने उद्बोधन में बताया कि परिषद द्वारा मध्य प्रदेश शासन के विकास और सेवा के दो वर्ष पूर्ण होने पर पूरे मध्य प्रदेश में 12 जनवरी से लेकर 26 जनवरी तक ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान प्रारंभ किया गया है। इस दौरान जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियां, नवांकुर संस्थाएं, सीएमसीएलडीपी के छात्र, समाजसेवी संस्थाएं,आदि के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं, हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया जाएगा। जूली शर्मा द्वारा इस अवसर पर सभी को संबोधित किया गया।उन्होंने कहा यह एक बड़ा अभियान है जो पूरा पखवाड़ा चलने वाला है। इस दौरान हम गाँव-गाँव में जाकर विकास कार्यों की जानकारी भी देंगे, साथ ही गाँव एवं लोगों को जोड़ने का काम करेगे। राजू कुशवाह मेंटर्स ने इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को जैविक कृषि एवं प्राकृतिक खेती के संबंध में महत्वपूर्ण एवं तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी से प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में नशामुक्ति और स्वदेशी अपनाने की शपथ भी दिलाई गई और सीएमसीएलडीपी छात्रों को अंकसूची का वितरण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कल्याण सिंह राजावत नवांकुर संस्था प्रमुख द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे गोपाल धाकड़, सौरभ कुशवाह, वीरेंद्र धाकड़ प्रीतम जाटव टायटेश कुशवाह सुनील राजावत अमर सिंह धाकड़ संजीव दांगी दामोदर धाकड़ गिरजा कुशवाह उमा व्यास सहित नवांकुर संस्थाओ, प्रस्फुटन समितियोंके पदाधिकारी, सीएमसीएलडीपी छात्रों एवं परामर्शदाताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ब्रजेश कुशवाह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# जागरण गुना

गुना, 19 जनवरी 2026 | चांचौड़ा - राघौगढ़ | www.dainikjagranmpcg.com


### चबूतरे पर शराब पीना पड़ा महंगा

**जागरण, इटारसी।** एक व्यक्ति को सब्जी बाजार के चबूतरों पर शराब पीना महंगा पड़ गया है। पुलिस ने उससे शराब और अन्य सामग्री जब्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया है। मामला तवानगर थाने का है, जहां तवानगर सब्जी बाजार के चबूतरे पर ओमप्रकाश उर्फ डोमा पिता माठूलाल सातनकर 45 वर्ष बैठकर शराब पी रहा था। जानकारी मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर शराब और चखना जब्त कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### शोभायात्रा में उमड़ा सैलाब, मेधावी सम्मानित

**जागरण, इटारसी।** महर्षि एवं गुरु गोविंद सिंह बस्ती के तत्वावधान में रविवार को भव्य हिंदू सम्मेलन एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शुभारंभ सूरजगंज चौराहा स्थित दुर्गा माता मंदिर से हुआ। ढोल-नगाड़ों और जय श्रीराम के जयघोष के साथ निकली शोभायात्रा में पुरुष सफेद और मातृशक्ति पीले वस्त्र धारण कर शामिल हुई। शोभायात्रा भरत मंदिर पहुंची, जहां प्रभु श्रीराम की महाआरती की।

## मधुसूदनगढ़ नगरपालिका का कारनामा: विधवा महिला खा रही दर-दर की ठोकरें

# नपा की साइड पर पति की जगह पत्नी मृत घोषित

**जागरण, मधुसूदनगढ़।** सरकारी कर्मचारियों की लापरवाही किसी के लिए क्या सजा हो सकती है। इसका उदाहरण हे नगर परिषद मधुसूदनगढ़ के वार्ड क्रमांक 10 की एक विधवा औरत राधा बाई कुशवाह जिसको नगर परिषद के कर्मचारियों ने उसे जीते जी मृत घोषित कर दिया जबकि मृत घोषित उसके पति मोतीलाल कुशवाह को होना चाहिए था, पर जीवित रहते विधवा राधा बाई को कर दिया। महिला अब दर दर की ठोकरें खा रही है, जबकि परिजनों ने मृत्यु की सूचना ओर मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए एक आवेदन नगर परिषद को दिया, परिषद कर्मचारियों ने मृत्यु प्रमाण पत्र उसके पति नाम से ही बनाया हे पर कर्मचारियों के रूखे व्यवहार ओर उनकी मनमर्जी के आगे सीएमओ भी बे उत्तर है। जानकारी के अनुसार राधा बाई के पति की मृत्यु 16 सितंबर 2025 को हो गई थी उसके आवेदन पर मृत्यु प्रमाण पत्र भी बन गया पर समग्र पोर्टल से लापरवाह कर्मचारी ने स्वर्गीय मोतीलाल का नाम ना हटाते उसके बेवा पत्नी राधावाई को पोर्टल से हटा दिया अब वह जुड़ नहीं पा रहा है। इस लापरवाही से



गुना। महिला राधा बाई

एक विधवा को विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास ओर सबसे ज्यादा आवश्यक उसको शासन की योजना अनुसार सोसायटी से राशन नहीं मिल पा रहा है वह 4 महीने से बाजार से गेहूं खरीद कर खुद का ओर अपने दो बच्चे शंकर कुशवाह और विनोद कुशवाह का किसी तरह पेट भर रही हे वह विधवा परेशान हे ओर शासन के कारींदो की करतूत की सजा भुगत रही है, पर उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही हेकर्मचारी शुरुआत से ही क्रमबद्ध नियमानुसार कार्य करे तो इस तरीके की बेमतलब समस्या से आमजनमानस को परेशान नहीं होना पड़े किसी एक की गलती से हितग्राही सहित पूरा परिवार ओर सरकारी तंत्र परेशान हो जाता है। जबकि रोचक तथ्य ये की समग्र आईडी पोर्टल पर मृत मोतीलाल कुशवाह अभी भी जिंदा हे ओर नगर परिषद ने मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी किया हुआ है ओर पत्नी राधावाई मृत है।

इस मामले में सीएमओ वीरेन्द्र चक्रवर्ती से बात हुई तो उन्होंने कहा कि हमारे पास ये शिकायत आई थी पर हमने यहां से तो ठीक कर दिया हे अब जिले से ही अपडेट होना है।

### गल्ला मंडी में सब्जी विक्रेता का हाई वोल्टेज ड्रामा

**गुना।** शहर की पुरानी गल्ला मंडी में रविवार को उस समय लोग दंग रह गए, जब एक सब्जी विक्रेता ने अपनी दुकान पर रखी सैकड़ों रुपये की सब्जियां ग्राहकों को बेचने के बजाय सड़क पर घूम रही गायों के सामने डाल दीं। इस घटना को लेकर मंडी परिसर में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सब्जी विक्रेता संदिग्ध अवस्था में था और संभवतः नशे में धुत था। अचानक उसे क्या सूझा कि उसने एक-एक कर अपनी सब्जियां सड़क पर फेंकनी शुरू कर दीं। हालांकि, कुछ स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि दुकानदार अपनी सब्जियों का सही दाम न मिलने के कारण आक्रोश में था। उचित दाम न मिलने की खींच में उसने गायों को खिलाकर बर्बाद कर दी।

## संक्षिप्त न्यूज

### अनुज्ञप्तिधारियो के साथ आबकारी विभाग की बैठक

**गुना।** आगामी ठेका वर्ष 2026 -27 हेतु शासन नीति अनुरूप संभावित आबकारी राजस्व प्राप्त किए जाने एवं आबकारी नीति अनुरूप कंपोजिट मदिरा दुकानों के संचालन हेतु गुना एवं अशोकनगर जिले के अनुज्ञप्तिधारियो की एक महत्वपूर्ण बैठक संदीप शर्मा उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़न दस्ता ग्वालियर संभाग एवं जिला आबकारी अधिकारी जीपी केवट द्वारा जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय गुना में आयोजित की गई बैठक में जिले की समस्त मदिरा दुकानों के आगामी वर्ष हेतु निष्पादन की संभावनाएं, पुनर्स्थापना, सीमा विस्तार एवं दुकानों के लिए आपत्ति रहित स्थल पर शासकीय भूमि की उपलब्धता जैसे अहम विषयों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सी एम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही कर त्वरित निराकरण किया जाने हेतु भी निर्देशित किया गया ताकि आमजन को कोई शिकायत न प्राप्त हो सके बैठक में समस्त सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी उप निरीक्षक तथा दोनों जिलों के अनुज्ञप्तिधारी उपस्थित रहे।

### शारदा जागृति महिला समिति की नई कार्यकारिणी गठित

**गुना।** सोनी कॉलोनी स्थित गिरधर गोपी मंदिर में शनिवार को शारदा जागृति महिला समिति की नई कार्यकारिणी और पदाधिकारियों का विधिवत गठन किया गया। इस अवसर पर समिति की संस्थापक सुनीता अग्रवाल एवं प्रीति मंगल द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें सर्वसम्मति से शोभा रघुवंशी को अध्यक्ष, कुसुम शर्मा को सचिव, मनाली ओझा को उपाध्यक्ष, ज्योति नामदेव को सह सचिव, शालिनी धाकड़ को कोषाध्यक्ष और काजल अवस्थी को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। इन सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शशि मिश्रा द्वारा पद की गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलवाई गई।

### श्री राधा माधव सेवा समिति द्वारा आयोजित की जा रही है कथा

**आरोन।** नगर में श्री राधा माधव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन भक्ति और ज्ञान की त्रिवेणी बही। कथावाचक पंडित रामदयाल शास्त्री के मुखारविंद से बाराह अवतार, कपिल उपदेश और ध्रुव चरित्र का मर्मस्पर्शी वर्णन सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के प्रारंभ में पंडित शास्त्री ने भगवान विष्णु के द्वादश अवतारों की महिमा बताई। उन्होंने विस्तार से समझाया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है, तब-तब भगवान ने विभिन्न रूपों में अवतार लेकर धर्म की रक्षा की है। इसी क्रम में महर्षि कर्दम और माता देवहूति के विवाह तथा उनकी नौ कन्याओं के जन्म के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कथा में भगवान कपिल के अवतार और उनके द्वारा माता देवहूति को दिए गए उपदेशों का विशेष उल्लेख किया गया।

### कॉलेज में हुआ ग्रामोदय अभियान का आयोजन

**गुना।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकासखंड गुना के तत्वावधान में स्थानीय पीजी कॉलेज के सभागार में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार शुरू किए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। अभियान 12 जनवरी से गणतंत्र दिवस 26 जनवरी तक जिला स्तर से ग्राम पंचायत स्तर तक निरंतर चलाया जाएगा।

## खुफिया पुलिस बनी नपा, मुखबिर तंत्र से पकड़ा पॉलीथिन का जखीरा

# ट्रांसपोर्टर ने नहीं बताया पॉलीथिन किसकी? संचालक पर लगाया 11 हजार का अर्थदंड

**जागरण, गुना।** अमानक पॉलीथिन के खिलाफ अभियान छेड़ चुकी गुना नगरपालिका खुफिया पुलिस की भूमिका में भी नजर आ रही है। दरअसल, बड़े पैमाने पर पॉलीथिन पकड़ने के अभियान में सफलता प्राप्त करने के लिए नगरपालिका को पुलिस की तरह ही अपना जान बिछाना पड़ रहा है। इसी सिलसिले में रविवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। खास बात यह है कि नपा ने लगभग एक टन से ज्यादा पॉलीथिन जब्त की, लेकिन इसका कोई मालिक नहीं मिला। ऐसे में ट्रांसपोर्ट संचालक को ही मालिक मानकर उसपर अर्थदंड लगा दिया गया है।



शहर में अमानक पॉलीथिन के खिलाफ नगर पालिका की मुहिम लगातार चौथे दिन भी जारी रही। मुखबिर की सूचना पर रविवार को नगर पालिका की टीम ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित संतोष गुप्ता के जीटीसी ट्रांसपोर्ट पर छापा मारकर 40 कट्टों में भरी हुई लगभग एक टन अमानक पॉलीथिन बरामद की। जब्त किए गए माल की बाजार में अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। नगर पालिका को सूचना मिली थी कि गुना अमानक पॉलीथिन का बड़ा केंद्र बन चुका है, जहाँ बाहर से माल आता है और फिर अन्य शहरों में सप्लाई किया जाता है। कार्रवाई के दौरान पता चला कि यह माल दिल्ली से आया था और इसे ब्यावरा के मनीष नामदेव के पास भेजा जाना था। चौंकाने वाली बात यह रही कि ट्रांसपोर्ट पर इस माल से संबंधित कोई वैध स्लिप या दस्तावेज नहीं मिले। स्लिप न होने और अमानक माल रखने के कारण नगर पालिका ने ट्रांसपोर्ट संचालक पर 11 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। नगर पालिका की टीम ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि यदि दोबारा ट्रांसपोर्ट पर अमानक पॉलीथिन पाई गई, तो परिसर को पूरी तरह सील कर दिया जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले चार दिनों से प्रशासन लगातार पॉलीथिन जब्त कर रहा है ताकि शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सके। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों और ट्रांसपोर्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अमानक पॉलीथिन का व्यापार और उपयोग पूरी तरह बंद कर दें। अधिकारियों ने कहा कि यह पॉलीथिन मवेशियों के लिए जहर के समान है। इसके विकल्प के रूप में मक्के से बनी पॉलीथिन का उपयोग करने की सलाह दी गई है, जो पर्यावरण के अनुकूल है और मवेशियों को नुकसान नहीं पहुँचाती है।

### आटा चक्की ने फैलाई गंदगी नपा ने कराई सफाई

वहीं शहर की स्वच्छता व्यवस्था को लेकर नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। रविवार को प्रातः कालीन निरीक्षण के दौरान स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने पर लक्ष्मीगंज स्थित एक आटा चक्की संचालक के खिलाफ कार्रवाई की गई। दरअसल, नगर पालिका की टीम सुबह लक्ष्मीगंज क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा ले रही थी। टीम ने देखा कि नपा द्वारा सड़क की सफाई किए जाने के कुछ ही देर बाद मित्तल आटा चक्की के कर्मचारियों द्वारा सड़क पर खराब आटा और गंदगी से भरे कट्टे फेंक दिए गए। इससे साफ-सुथरी सड़क फिर से गंदी हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी शिवराज सिंह सिकरवार के निर्देशन में टीम ने तत्काल कार्रवाई की। सफाई दरोगा महाराज सिंह, सेनेटरी इंस्पेक्टर विवेक श्रीवास्तव एवं वाहन प्रभारी मोकम प्रजापति ने चक्की मालिक के कर्मचारियों को मौके पर ही कड़ी फटकार लगाई। अधिकारियों ने कर्मचारियों से न केवल सड़क पर फैला कचरा उठवाया, बल्कि वहां दोबारा सफाई भी कराई।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजूषा खत्री के आदेश पर स्वच्छता भंग करने के आरोप में दुकानदार पर 1000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। साथ ही नगर पालिका टीम ने दुकान संचालक को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में दोबारा सड़क पर कचरा फेंका गया, तो और अधिक कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# घायल अवस्था में तांगा खींचने को मजबूर था बेजुबान घोड़ा

### राष्ट्रवादी संघ ने मुक्त कराकर पहुंचाया अस्पताल




**जागरण, गुना।** शहर के व्यस्ततम मार्ग पर रविवार को पशु क्रूरता का एक हृदयविदारक मामला सामने आया। एक तांगा संचालक द्वारा अपने गंभीर रूप से घायल घोड़े से जबरन काम कराया जा रहा था। राष्ट्रवादी संघ के सदस्यों ने सक्रियता दिखाते हुए न केवल घोड़े को इस प्रताड़ना से मुक्त कराया, बल्कि उसे उपचार के लिए पशु चिकित्सालय भी भेजा।जानकारी के अनुसार, राष्ट्रवादी संघ के सदस्यों ने देखा कि एक घोड़ा बुरी तरह घायल है और अत्यधिक कमजोरी के कारण बेसुध हो रहा है, इसके बावजूद तांगा चालक उस पर रहम करने के बजाय उसे खींचने पर मजबूर कर रहा था। संघ के सदस्यों ने करीब दो किलोमीटर तक तांगे का पीछा किया और अंततः जयस्तंभ चौराहे पर उसे घेरकर रोक लिया। घटना के दौरान जब सदस्यों ने घोड़े की स्थिति देख नाराजगी जाहिर की, तो तांगा संचालक उनसे बहस करने लगा। राष्ट्रवादी संघ के सदस्यों ने तत्काल पशु क्रूरता से संबंधित हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया, लेकिन वहां से कोई सहयोग प्राप्त नहीं हुआ। इसके बाद संघ के सदस्य मनोज सिंह राठौड़ ने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। कोतवाली थाने से पुलिस बल मौके पर पहुँचा और स्थिति को संभाला।

### घोड़े को तांगे से कराया गया मुक्त

पुलिस के सहयोग से घायल घोड़े को तुरंत तांगे से बाहर निकाला गया। घोड़े की हालत इतनी खराब थी कि वह ठीक से खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। राष्ट्रवादी संघ के प्रयासों से बेजुबान को तत्काल पशु चिकित्सालय भेजा गया जहाँ उसका उपचार शुरू किया गया है। संघ के सदस्यों ने प्रशासन से मांग की है कि बेजुबान जानवरों के साथ क्रूरता करने वाले ऐसे संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## विवादित बयानः कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का पुतला फूंका

### भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**जागरण, गुना।** कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा महिलाओं को लेकर दिए गए विवादित और आपत्तिजनक बयान के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार देर शाम स्थानीय जय स्तंभ चौराहे पर भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने एकत्रित होकर विधायक बरैया के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला दहन किया।

पुतला दहन कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष राजेश राजपूत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान वंदना मांडरे, छाया बालके, गोमती ओझा, लता माहेश्वरी, राधिका चौहान, रजनी ओझा सहित कई महिला पदाधिकारी उपस्थित रहीं। प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस पार्टी और फूल सिंह बरैया के खिलाफ अपना कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष राजेश राजपूत ने कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता लगातार नारी शक्ति का अपमान कर रहे हैं। इससे पहले पूर्व पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने महिलाओं की तुलना शराबियों से की थी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने महिलाओं के लिए %आइटम% जैसे अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया था। भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व से मांग की है कि वे अपने नेताओं को सार्वजनिक मंचों से महिलाओं के प्रति सम्मानजनक भाषा का उपयोग करने की नसीहत दें।

### पति ने बाजार में मारपीट की, पत्नी ने खाया जहर

**गुना।** म्याना थाना क्षेत्र के ग्राम अगरा में घरेलू हिंसा का एक मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने अपने पति द्वारा सार्वजनिक रूप से मारपीट किए जाने से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है और फिलहाल वह जिला अस्पताल में उपचाररत है। पीड़िता सुनीता बाई गुर्जर उम्र लगभग 40 वर्ष ने बताया कि शनिवार को वह किसी बात से नाराज होकर अपने मायके जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में ऊमरी के बाजार में उसके पति हनुमत सिंह ने उसे रोक लिया और सबके सामने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। प्रताड़ना का सिलसिला यहीं नहीं रुका घर पहुँचने के बाद भी पति ने उसके साथ दोबारा मारपीट की। घटना के संबंध में जानकारी मिली है कि सुनीता बाई ने मारपीट की शिकायत म्याना थाने की ऊमरी चौकी में की थी। हालांकि, पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझने के बजाय दोनों पक्षों को समझाइश देकर घर वापस भेज दिया। लोक-लाज और पुलिस से मदद न मिलने के कारण आहत सुनीता ने आत्मघाती कदम उठाते हुए जहर खा लिया। तीन बच्चों की मां सुनीता बाई अब अपने पति के साथ रहने को तैयार नहीं है। उसका आरोप है कि पति उसे मायके आने-जाने से रोकता है ।

## स्टेशन पर बेहोश मिली मां, बच्ची को भी मिला सुरक्षित आशियाना



**जागरण, गुना।** रेलवे स्टेशन पर शनिवार शाम मानवता की मिसाल देखने को मिली। स्टेशन के वेटिंग एरिया में मौत से जूझ रही एक अज्ञात महिला के लिए रेलवे मेडिकल टीम और आरपीएफ के जवान देवदूत बनकर सामने आए। न केवल महिला की जान बचाई गई, बल्कि उसकी 6 माह की मासूम बच्ची की देखरेख के लिए भी प्रशासन ने संवेदनशीलता की मिसाल भी प्रदर्शित की है। घटना शनिवार शाम करीब 6 बजे की है, जब स्टेशन प्रबंधक ने रेलवे मेडिकल विभाग को सूचना दी कि वेटिंग एरिया में एक लगभग 40 वर्षीय महिला बेहोश पड़ी है। सूचना मिलते ही डॉ. गौरव प्रताप सिंह, वरिष्ठ नर्सिंग अधीक्षक आर.बी. मीणा और वरिष्ठ ड्रेसर अवधेश शर्मा तत्काल मौके पर पहुँचे। महिला को उस वक्त मिर्गी के झटके आ रहे थे। डॉक्टरों ने तुरंत प्राथमिक उपचार देते हुए उसकी जीभ कटने से बचाई और एम्बुलेंस से जिला अस्पताल रेफर किया। महिला के साथ उसकी 5-6 महीने की मासूम बच्ची भी थी।

माँ बेसुध थी और बच्ची भूख व डर से अपनी माँ के पास बिलख रही थी। महिला के साथ कोई परिजन नहीं होने के कारण सबसे बड़ी चिंता बच्ची की देखरेख को लेकर थी। रेलवे मेडिकल ऑफिसर और आरपीएफ के संदीप सैनी व महिला कांस्टेबल स्नेहा यादव ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को संभाला।

### विराट हिंदू सम्मेलन में उमड़ी हजारों की भीड़

**गुना।** उमर थाना मंडल के ग्राम झुकरा में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन अत्यंत भव्य, अनुशासित और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस गौरवशाली आयोजन में राघोगढ़ क्षेत्र के हजारों ग्रामीणजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर एकता और समरसता का परिचय दिया। सम्मेलन का मुख्य आकर्षण मंडल के पांच अलग-अलग ग्रामों से निकाली गई विशाल कलश यात्राएं रहीं। इन यात्राओं में मातृशक्ति की अभूतपूर्व भागीदारी देखी गई। सिर पर मंगल कलश धारण किए महिलाएं, जयकारे लगाते युवा और उत्साह से भरे प्रौढ़ वर्ग के लोग सागोडीया की पठार स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जहां सभी यात्राओं का भव्य संगम हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भारत माता पूजन, तुलसी पूजन एवं कन्या पूजन के साथ किया गया। इन धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से आयोजकों ने राष्ट्रभक्ति, पर्यावरण संरक्षण और नारी शक्ति के सम्मान का प्रभावी संदेश समाज के बीच रखा। वक्ताओं के संबोधन से पूर्व स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने पूरे परिसर को भक्तिमय और राष्ट्रभाव से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सह प्रचारक प्रेम शंकर ने संगठन की आवश्यकता पर बल दिया।

## गुना की रात साहित्य के नामः मुशायरे ने श्रोताओं को सुबह तक बांधे रखा

# निशान मंच पर संपत सरल और मंजर भोपाली ने जीते दिल

**जागरण, गुना।** शहर में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक यादगार साहित्यिक उत्सव के रूप में दर्ज हो गई। निशान साहित्यिक मंच द्वारा ज्योतिबा फुले के 200वें वर्ष और काकोरी कांड के 100वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे ने श्रोताओं को सुबह तक बांधे रखा।

जयस्तंभ चौराहे के पास स्थित एक निजी गार्डन में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र ने किया। कार्यक्रम स्थल पर देश के महान रचनाकारों और चिंतकों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। इस अवसर पर एक विशेष कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। मंच पर देश के जाने-माने व्यंग्यकार गुलाबी नगर जयपुर से आए संपत सरल ने अपनी



लघु कथाओं और धारदार व्यंग्य से वर्तमान राजनीतिक व सामाजिक परिवेश की खामियों को उजागर किया। उन्होंने श्रोताओं से आह्वान किया कि, अपने नेता से सवाल जरूर पूछें, किसी के भक्त बनकर न रहें और अध्ययन पर जोर दें। वहीं, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर मंजर भोपाली ने अपनी गजलों से समां बांध दिया। उन्होंने अपनी बेटियों का उदाहरण देते हुए समाज को बेटियों को आगे बढ़ाने की सीख दी। उन्होंने यह भी कहा कि यदि हमारे प्रतिभाशाली युवा विदेश जाने के बजाय देश में काम करें, तो भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता।

### इन कवियों ने भी दी प्रस्तुतियां

इसके अलावा शिवपुरी के मुबीन खान ने -खार जो लोगों के रस्ते से हटा देता है... जैसे शेरों से मानवीय संवेदनाओं को छू लिया। सत्येन्द्र जैन भारिल्ल राजगढ़ ने क्या मैं लग सकता हूं तुमको... और उनकी प्रसिद्ध रचना एक रस्ता और है को श्रोताओं ने खूब सराहा।

शकील जमाली दिल्ली ने %कोई मिला नहीं हिंदोस्तानियों की तरह% जैसी गजलों से देशभक्ति का जज्बा जगाया। सलीम सिद्दीकी लखनऊ और डॉ. महताब आलम भोपाल ने भी अपनी विशिष्ट शैली में रचनाएं प्रस्तुत कीं।

कार्यक्रम से पूर्व आए हुए साहित्यकारों ने शहर की भगत सिंह लाइब्रेरी का भ्रमण किया और मंच से इस पुनीत कार्य के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन लोकेश शर्मा ने किया। इस दौरान शहर के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी देर रात तक मौजूद रहे।

## नपाध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों को वितरित किए गर्म कपड़े



**जागरण, गुना।** नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने सफाई योद्धाओं, गैंगमेंन आदि के लिए स्वेटर व ट्रैकसूट वितरित किए गए। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को उक्त ड्रेस पहनने का अनुरोध किया, नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि विगत वर्ष दो जोड़ी यूनिफॉर्म वितरित की गई थी तथा गर्म कपड़े वितरित किए गए थे। इस वर्ष पुनः गर्म कपड़े व ट्रैकसूट वितरित किए जा रहे हैं, जो सभी सफाई कर्मचारियों को वितरित किए जाएंगे। नगरपालिका द्वारा सफाई योद्धाओं को सभी तरह की सुविधा जो शासन द्वारा निर्धारित हैं, प्रदान की जाती हैं। ट्रैकसूट एवं स्वेटर वितरण के दौरान नीलम राठौर, अमित कुमार बृजमोहन खरे,महाराज सिंह दरोगा एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित रहे।